राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 2275 / 2023 दिनांकः—02 सितम्बर, 2023

कार्यालय आदेश

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जात है कि राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ परिसर में शैक्षणिक सत्र 2023—24 से परास्नातक स्तर पर हिन्दी, समाजशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र विषयों मे अध्ययन—अध्यापन कार्य प्रारम्भ होगा।

उक्त के सम्बन्ध में सूच्य है कि नियमित शिक्षक उपलब्ध न होने के दृष्टिगत विश्वविद्यालय, अनुदानित / राजकीय महाविद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षकगण की अध्यापन कार्य हेतु सूची तैयार करायी जानी है। इच्छुक शिक्षकगण से अपेक्षा है कि वह अपना आवेदन पत्र सादे कागज पर व्यक्तिगत विवरण एवं सेवानिवृत्ति सम्बन्धी प्रमाण के साथ कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को दिनांक 15.09.2023 तक प्रेषित करें। शासनादेश के अनुसार अध्यापन कार्य हेतु निम्नानुसार मानदेय निर्धारित हैः—

(क) असिस्टेन्ट प्रोफेसर स्तर	—रू0 25,000 / —प्रतिमाह की अधिकतम सीमान्तर्गत रू0 500 / — प्रति व्याख्यान की दर से
(ख) एसोसिएट प्रोफेसर स्तर	—रू0 30,000 / —प्रतिमाह की अधिकतम सीमान्तर्गत रू0 600 / — प्रति व्याख्यान की दर से
(ग) प्रोफेसर स्तर	—रू0 35,000 / —प्रतिमाह की अधिकतम सीमान्तर्गत रू0 700 / — प्रति व्याख्यान की दर से

02/9/23

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़।
3. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध राजकीय / अनुदानित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने महाविद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षकगण को उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
4. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, वेबसाइट को इस निर्देश के साथ की समस्त राजकीय / अनुदानित महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 पर तथा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
6. गार्ड फाईल।

02/09/23

सहायक कुलसचिव

V letter